
# निवेशमित्र पोर्टल के आवेदनों का समयबद्ध करें निस्तारण : महाना

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि निवेशमित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को भूखंड आवंटन से संबंधित जितने भी मामले लंबित हैं, सूची बनाकर उनका तत्काल निस्तारण किया जाए। ढिलाई पर सख्त कार्रवाई होगी।



महाना ने ये निर्देश बुधवार को पिकप भवन में नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि यमुना प्राधिकरण के तहत 875 प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं। शीघ्र ही 125 हेक्टेअर भूमि पर 600 भूखंडों की स्कीम लांच की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रस्तावित इलेक्ट्रॉनिक सिटी और एविएशन हब के विकास को प्रमुखता दी जाय। उन्होंने प्रस्तावित टॉय सिटी में फ्लैटेड फैक्टरी की स्थापना पर भी जोर दिया। औद्योगिक विकास मंत्री ने तीनों औद्योगिक विकास प्राधिकरणों से संबंधित समस्याओं के समाधान की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अपूर्ण ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं को पूरा करने के लिए होम बायर्स के समाधान की नीति बनाई जाए। ब्यूरो